दैनिक प्रातः कालीन

# क्यूँ न लिखूँ सच

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO.- 05086/21

वर्ष :- 02 अंक :- 58 मुरादाबाद 21 June 2022 (Tuesday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## अग्निपथ पर विवाद के बीच बोले PM नरेंद्र मोदी, कुछ सुधार शुरुआत में खराब लगते हैं, पर होता है फायदा



देश में अग्निपथ स्कीम को लेकर छिड़े विवाद के बीच पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि कुछ फैसले और सुधार भले ही शुरुआत में खराब लगते हैं, लेकिन लंबे वक्त में उनसे देश को फायदा होता है। माना जा रहा है कि पीएम नरेंद्र मोदी की यह टिप्पणी अग्निपथ स्कीम को लेकर है। बता दें कि इस स्कीम पर विवाद छिड़ा हुआ है। बिहार, यूपी, हरियाणा, राजस्था और एमपी समेत देश के कई राज्यों में युवा इसका विरोध कर रहे हैं। कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में कई विकास योजनाओं की लॉन्चिंग के मौके पर पीएम नरेंद्र मोदी ने यह टिप्पणी की। पीएम नरेंद्र मोदी ने बेंगलुरु की विकास परियोजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि जिन कामों को 40 साल पहले पूरा हो जाना था, वे आज तक लंबित हैं और अब ये मेरे हिस्से आए हैं। आप लोगों ने मुझे मौका दिया है और अब मैं समय गंवाना नहीं चाहता हूं। उन्होंने कहा कि जब आसपास के इलाके रैपिड रेल से जुड़ जाएंगे तो उससे बेंगलुरु में जाम समेत तमाम समस्याएं खत्म हो जाएंगी। इसके अलावा नेशनल हाईवे और स्टेट हाईवेज का हमने जो शिलान्यास किया है, उनके निर्माण के बाद बड़ी संख्या में गाड़ियों को बेंगलुरु आना ही नहीं पड़ेगा। इससे सफर भी आसान होगा और बेंगलुरु की व्यवस्था भी बेहतर होगी। उन्होंने कहा कि बीते 8 सालों में हमने रेलवे के अनुभव को पूरी तरह बदल दिया है। अब भारतीय रेल तेज भी है, स्वच्छ भी है और आधुनिक भी हो रही है। इसके अलावा सुरक्षित भी है और सिटिजन फ्रेंडली भी हो रही है। हमने देश के उन हिस्सों में भी रेल को पहुंचाया है, जहां इसके बारे में सोचना तक मुश्किल था। कर्नाटक में भी 1,200 किलोमीटर से ज्यादा की रेल लाइन या तो नई बनी है या फिर विस्तार हुआ है। अब हवाई यात्रा और एयरपोर्ट जैसी सुविधाएं अब रेलवे भी दे रहा है। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि बेंगलुरु के एम. विश्वेश्वरैया रेलवे स्टेशन पर तो लोग पर्यटन के लिए जाते हैं। यहां तक कि युवाओं में तो सेल्फी की होड़ रहती है। कोरोना के समय बेंगलुरु में बैठे युवाओं ने पूरी दुनिया को संभालने में मदद की है। बेंगलुरु ने दिखा दिया है कि यदि सरकार अवसर दे तो भारत का युवा क्या नहीं कर सकता है। बेंगलुरु देश के युवाओं के सपनों का शहर और इसके पीछे उद्यमशीलता और इनोवेशन है। बेंगलुरु उन लोगों को अपना माइंडसेट बदलने की सीख भी देता है, जो अभी भी भारत के प्राइवेट सेक्टर को भद्दे शब्दों से संबोधित करते हैं। देश की शक्ति को करोड़ों लोगों के सामर्थ्य को सत्तावादी मानसिकता के लोग कमतर आंकते हैं। 21वीं सदी का भारत वेल्थ क्रिएटर्स और जॉब क्रिएटर्स का है। इस ताकत को प्रमोट करने के लिए जो प्रयास बीते 8 सालों में हुए हैं, उनकी चर्चा तो होती है, लेकिन बहुत सीमित दायरे में होती है। भारत में खेती के बाद सबसे बड़ा सेक्टर स्स्स्थ है। लेकिन हमारे यहां इसकी परिभाषा ही ऐसी रखी गई थी कि वे खुद का विस्तार करना चाहते थे तो उनका नुकसान होता था। इसलिए वे खुद को छोटे उपक्रम की ओर ले जाते थे। ऐसे में हमने उसकी परिभाषा को ही बदल दिया ताकि वे अपना विस्तार कर सकें।

## मौलाना तौकीर रजा पर भी योगी सरकार का शिकंजा, कई धाराओं में केस दर्ज, हजारों लोगों की भीड़ जुटाने का आरोप



मौलाना तौकीर रजा पर भी अब योगी सरकार ने शिकंजा कस दिया है। उनके खिलाफ कई धाराओं में केस दर्ज किया गया है। आईएमसी प्रमुख तौकीर रजा ने भाजपा की पूर्व राष्ट्रीय प्रवक्ता नूपुर शर्मा की गिरफ्तारी को लेकर रविवार को प्रदर्शन किया था। उनके खिलाफ बरेली कोतवाली की पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि प्रदर्शन के लिए 1500 लोगों की अनुमति दी गई थी। लेकिन आयोजकों ने हजारों की भीड़ बुला ली। सिटी मजिस्ट्रेट राजीव पांडेय ने आईएमसी के जिलाध्यक्ष फरहत खान और महानगर अध्यक्ष मखदूम बेग के प्रार्थना पत्र पर रविवार 19 जून को प्रदर्शन की अनुमति दी थी। अनुमति में स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि 1500 लोगों से ज्यादा की भीड़ इस्लामिया ग्राउंड में नहीं होगी। कोविड-19 का पालन किया जाएगा। आईएमसी के नेताओं ने अनुमति की शर्तों का उल्लंघन किया। 1500 लोगों के बजाय हजारों की भीड़ बुलाई गई। इस मामले में सिटी मजिस्ट्रेट राजीव पांडे की ओर से कोतवाली में आईएमसी जिला अध्यक्ष फरहत खान और महानगर अध्यक्ष मखदूम बेग के खिलाफ धारा 188 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

## अग्निपथ योजना: बंद का यूपी में कोई असर नहीं, हिंसक प्रदर्शन मामले में अब तक 475 गिरफ्तार




सेना में भर्ती के लिए केंद्र सरकार की अग्निपथ योजना के विरोध में कुछ संगठनों के भारत बंद के आवाहन का उत्तर प्रदेश में कोई असर नहीं दिखा है। हालांकि कुछ जगहों पर युवाओं का विरोध प्रदर्शन देखने को मिला लेकिन वो भी पुलिस को देखकर भाग खड़े हुए। यूपी में अग्निपथ के विरोध में हुई हिंसक घटनाओं के मामले में अब तक कुल 475 लोगों को गिरफ्तार किया गया है जबकि कुल 39 मुकदमे दर्ज किए गए हैं। सोमवार को एडीजी लॉ एंड ऑर्डर प्रशांत कुमार ने बताया कि हमने भारत बंद को देखते हुए जरूरी इंतजाम किए हैं। पीएसई की 141 कंपनियां और सीएपीएफ की 10 कंपनियां तैनात प्रदेश के अलग-अलग जगहों पर तैनात हैं। उन्होंने बताया कि अभी तक स्थिति नियंत्रण में है और किसी अप्रिय घटना की खबर नहीं है। उत्तर प्रदेश में बंद का कोई असर नहीं देखा गया है। एडीजी ने आगे कहा कि बीते दिनों अग्निपथ योजना के विरोध में प्रदेश में हुई हिंसक घटनाओं के मामले में अब तक 39 केस दर्ज किए गए हैं। इसके अलावा, 475 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें से 330 को गंभीर धाराओं के तहत गिरफ्तारी की गई है। उन्होंने कहा कि युवाओं को भड़काने की कोशिश करने वाले कोचिंग संचालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### रेल यात्री हुए परेशान

सेना में भर्ती के लिए सरकार की अग्निपथ योजना को लेकर जगह-जगह प्रदर्शनकारियों द्वारा ट्रेनों में आग लगाने की घटना ने कई ट्रेनों के पहिए जरूर थाम दिए हैं। परिचालन कारणों से उत्तर रेलवे, मुरादाबाद मंडल से प्रारंभ होने वाली एवं गुजरने वाली 30 रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण किया गया है। लंबी दूरी की अधिकांश ट्रेनों को रद कर दिया है। ऐसे में यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सोमवार को रेलवे स्टेशन पर तमाम लोग रेलगाड़ियों के आने का इंतजार करते नजर आए। इनमें अधिकांश भट्ठा मजदूर हैं, मजदूरों का मानना है कि बिहार की ओर जाने वाली कोई भी ट्रेन मुरादाबाद से गुजरेगी तो हम उसमें सवार हो जाएंगे। मंडल रेल प्रशासन सूत्रों ने बताया कि आनंद विहार-दानापुर जनसाधारण, मुजफ्फरपुर सप्तक्रांति,रक्सौल सद्भावाना, रक्सौल सत्याग्रह, मालदा टाउन, श्रमजीवी, न्यू जलपाईगुड़ी, गरीबरथ, अमृतसर-जयनगर स्पेशल, शहीद, गंगा सतलुज, अर्चना एक्सप्रेस आदि ट्रेनें निरस्त होने से लोगों को मायूस होकर लौटना पड़ रहा है।

## प्रयागराज का ऐसा अस्पताल जहां उतारा जाता मोबाइल का नशा, खत्म हो जाती है लत

प्रयागराज के मोती लाल नेहरू मंडलीय अस्पताल में मोबाइल नशा मुक्ति केन्द्र की शुरुआत तीन साल पहले हुई। यहां मोबाइल और इंटरनेट की लत छुडाने के लिए खास ओपीडी चलती है। यहां आने वाले मरीजो की काउंसिलिग की जाती है। यही नहीं जरूरत पड़ने पर दवायें भी दी जाती है। यहां काउंसिलिंग और दवाओं के साथ ही कुछ खास थिरेपी व योग भी बताया जाएगा। डॉक्टर राकेश कुमार पासवान कहना है कि मोबाइल नशा मुक्ति केन्द्र पर मोबाइल से जुड़ी हुई विभिन्न प्रकार की समस्याओं का इलाज किया जाता है। डॉक्टर राकेश बताते हैं कि लोगों में गेमिंग और सोशल मीडिया एडिक्शन ज्यादा रहता है। यहां पर साइकोथेरेपी के माध्यम से पीड़ित की काउंसिलिंग कर लत छुड़ाने का प्रयास करते हैं। साथ ही साथ कभी-कभी बीमारी की स्थिति बहुत ज्यादा बढ़ जाती है, तो हम लोग दवा भी देते हैं।

# अज्ञात कारणों से लगी आग, एक वृद्ध व दो मवेशी झुलसे

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती-जनपद श्रावस्ती के चिल्हरिया गांव में दोपहर में अज्ञात कारणों से फूस के मकान में आग लग गई। देखते देखते फूस का छप्पर धूं धूं कर जलने लगा। अंदर बंधे मवेशी को बचाने गया वृद्ध गंभीर रूप से झुलस गया। लोगों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पा लिया इससे अन्य घर आग की चपेट में आते आते बच गए। सिरसिया थाना क्षेत्र के चिल्हरिया गांव निवासी सालिकराम वर्मा ( 60 ) पुत्र शंभू वर्मा ने घर के सामने फूस का मकान बना रखा था। जिसमें लकड़ी आदि रखने के साथ ही मवेशी बांधे जा रहे थे। दोपहर में अज्ञात कारणों से अचानक फूस में आग लग गई। इससे पूरा छप्पर धूं धूं कर जलने लगा। इस दौरान अंदर दो भैंस बंधी हुई थी। आग से उठते धुएं को देख सालिक राम दौड़कर मौके पर पहुंचा और भैंस को बचाने के लिए जलते चप्पे में घुस गया और रस्सी को काटकर दोनों भैंस को किसी तरह बाहर निकाला। लेकिन तब तक दोनों भैंस के साथ साथ वह भी गंभीर रूप से झुलस गया। वहीं शोर सुन आस पास के लोग भी मौके पर पहुंच गए और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। लोगों की सूझ बूझ ने अन्य घरों को आग की में आने से बचा लिया। सालिकराम वर्मा को गंभीर हालत में एम्बुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिरसिया में भर्ती कराया गया। जहां हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल भिनगा रेफर कर दिया गया। वहीं दूसरी तरफ आग से झुलसी भैस का इलाज करने के लिए लोग सिरसिया पशु अस्पताल के चिकित्सकों से लेकर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी के मोबाइल पर फोन मिलाते रहे लेकिन किसी का फोन नहीं मिला।

# वीआईपी सुरक्षा संबंधित कार्यशाला का हुआ आयोजन

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेंड्रा मरवाही-आगामी वीवीआइपी आगमन के परिपेक्ष्य में क्लोज प्रोटक्शन टीम जिले में पुलिस अधीक्षक श्री त्रिलोक बंसल के निर्देश पर बनाया गया है , जिन्हें सुरक्षा के हर पहलू को ध्यान में रखते हुए वीआईपी सिक्योरिटी,एक्सेस कंट्रोल, एन्टी सेबोटाज, एडवांस लाइजनिंग के बारे में विस्तृत रूप से प्रशिक्षण दिया गया है। इसी तारतम्य में आज पुलिस लाइन परिसर अमरपुर एवम् पुलिस नियंत्रण कक्ष में सभी प्रशिक्षणार्थियों को सीपीटी प्रशिक्षण और वीआईपी सुरक्षा का एक दिवसीय कार्यशाला सुरक्षा बटालियन के प्रशिक्षक एपीसी श्री जयंत पाल के द्वारा महत्वपूर्ण व्यक्ति की सुरक्षा, रिंग राउंड ड्यूटी, वीआईपी कारकेड की सुरक्षा, सीपीटी के स्टाफ के कर्तव्य , सुरक्षा की श्रेणियों एवं विभिन्न परिस्थितियों में त्वरित कार्यवाही किए जाने व मानक सुरक्षा नियमों के बारे में विस्तार से जानकारी दिया गया। सर्वप्रथम नियंत्रण कक्ष में सभी प्रशिक्षणार्थियों को सुरक्षा संबंधी मूलभूत जानकारी दी गई , तत्पश्चात रक्षित केंद्र में सभी को प्रैक्टिकल , मॉक ड्रिल के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया। ज्ञातव्य है कि जिला गौरा पेंड्रा मरवाही में जा पुलिस बल के मनोबल में वृद्धि एवम् उनकी दक्षता में विकास हेतु अभिप्रेरणा कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिसके तहत वीआईपी सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषय पर यह प्रशिक्षण आयोजित किया गया है।





इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती अर्चना झा, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्री अशोक वाडेगावकर, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्री तिर्की, रक्षित निरीक्षक एवं सभी थाना प्रभारी व थानों के विवेचक उपस्थित रहे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के 50 अधिकारी कर्मचारी इस कार्यशाला से लाभान्वित हुए। जिला गौरेला पेंड्रा मरवाही में यहां के पुलिस बल की विवेचना एवं कार्य क्षमता में अभिवृद्धि हेतु इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों का लगातार आयोजन किया जाता रहेगा।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर गुरुकुल खेल परिसर में जिला स्तरीय योगाभ्यास आज

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेंड्रा मरवाही-भव्य आयोजन के लिए कलेक्टर ने विभिन्न विभागों को सौपे दायित्व अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून मंगलवार को गुरुकुल खेल परिसर गौरेला में प्रातः 7 से 8 बजे तक जिला स्तरीय सामान्य योग अभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। मरवाही विधायक डॉ के के ध्रुव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने कार्यक्रम के भव्य आयोजन के लिए विभिन्न विभागों को दायित्व सौंपे है। इसके तहत गुरुकुल खेल परिसर में मंच, टेंट एवं योगा स्थल पर आवश्यक बैठक व्यवस्था, अतिथि आमंत्रण, जलपान, वाहन, यातायात एवम सुरक्षा व्यवस्था, प्राथमिक चिकित्सा, विद्युत, पेयजल, माइक, साउंड साफ-सफाई आदि के लिए लोक निर्माण, शिक्षा, समाज कल्याण, खाद्य, परिवहन, स्वास्थ्य, पुलिस, नगर पंचायत गौरेला सहित संबंधित विभाग को दायित्व सौंपा गया है।

# पाँच बोटा साखू की लकड़ी बरामद, एक गिरफ्तार, पिकअप सीज



लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती-प्रभारी निरीक्षक प्रेमपाल सिंह थाना सिरसिया मयहमराही टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर सचौली नाला पुल के पास से 05 बोटा साखू की लकड़ी लदी एक पिकअप क्र 46 झ 1902 बरामद कर अभियुक्त गुलाम मोहम्मद पुत्र रहबर अली निवासी नौशहरा दुर्गापुर थाना भिनगा जनपद श्रावस्ती को गिरफ्तार किया गया। बरामदगी के आधार पर थाना सिरसिया पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 161/2022 धारा- 379,411 भादवि व 26 भारतीय वन अधिनियम मे अभियोग पंजीकृत किया गया।

# विवाहिता ने थाना सोनवा मे दिया प्रार्थना पत्र और छेड़छाड़ का लगाया आरोप

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- सोनवा थाना क्षेत्र के लक्ष्मननगर पुलिस चौकी क्षेत्र के इमलिया नारायण की निवासिनी प्रभावती पत्नी अखिलेश कुमार ने थाना सोनवा में प्रार्थना पत्र देकर लगाई न्याय की गुहार गौरतलब हो कि विवाहिता महिला का पति प्रदेश से बाहर कमाई करने गया हुआ था। रात को विवाहिता महिला अकेली अपने घर मे देवरानी के साथ में सो रही थी तभी गांव का ही चेतराम पुत्र मंगल प्रसाद व्यक्ति पहुचा और महिला से छेड़छाड़ करने लगा महिला शोरगुल की आवाज सुनकर देवरानी मौके पर पहुच गई और शोर मचाने लगी सुनकर ब्यकि मौके से फरार हो गया। जिससे भयभीत होकर महिला ने सोनवा थाने पर तहरीर देकर न्याय की मांग की है। इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक सोनवा से जानकारी लेने पर बताया कि तहरीर मिली है। पुलिस चौकी लक्ष्मण नगर को भेजा गया है जांच कराया जा रहा है और दोषी पाए जाने पर मुकदमा पंजीकृत किया जाएगा ?।

# SP के नाम से फेस बुक में फर्जी आई डी बनाकर लोगों से पैसे मांगने वाला आरोपी गिरफ्तार

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




गौरेला पेंड्रा मरवाही- पुलिस अधीक्षक जीपीएम श्री त्रिलोक बंसल द्वारा जिले मे विवेचनाधीन ऐसे अपराध जिसमें आरोपी दीगर प्रांत के थे तथा लगातार गिरफतारी से बच रहे थे ऐसे अपराधों को चिन्हांकित कर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती अर्चना झा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्री अशोक वाडेगांवकर के नेतृत्व में साईबर सेल की टीम को कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया, जिसके परिपालन में साईबर सेल की टीम द्वारा अपराधों के आरोपियों की पतासाजी हेतु दिल्ली, उत्तर प्रदेश , हरियाणा एवं राजस्थान में विगत दस दिन से लगातार कैम्प कर आरोपियों की पतासाजी किये जिसमें गौरेला के प्रकरण में आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है- थाना गौरेला के अप.क्र. - 88/2021 धारा 420,511 भादवि 66डी आई.टी. एक्ट के प्रकरण में अज्ञात आरोपी के द्वारा तत्कालिन पुलिस अधीक्षक श्री सूरज सिंह परिहार के नाम से फेस बुक में फर्जी आई डी तैयार कर लागों से पैसे मांगने की शिकायत पर थाना गौरेला में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था, विवेचना के दौरान तकनीकी साक्ष्य एकत्र करने पर अज्ञात आरोपी का लोकेशन नांगल उतावर थाना कोशीकलां मथुरा उत्तर प्रदेश का होना पाये जाने से टीम द्वारा नांगल उतावर थाना कोशीकलां जाकर प्रकरण के आरोपी आदिल खान पिता रशिद खान उम्र 19 वर्ष निवासी नंगला उतावर थाना कोशीकलां जिला मथुरा उत्तर प्रदेश को अभिरक्षा में लेकर पुछताछ किये जो आरोपी आदिल द्वारा फर्जी फेसबुक आई.डी. तैयार करना स्वीकार किया आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त सिम कार्ड एवं दो नग मोबाईल जप्त किया गया है।

# डिलारी के गांव काजीपुरा में हुआ सास, बहू और बेटा सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन

## नवविवाहित दंपती को भेंट की गई शगुन किट



नाजिम हुसैन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-जिले के ब्लॉक डिलारी के गांव काजीपुरा में सास, बहू और बेटा सम्मेलन का आयोजन किया गया । इस दौरान उन्हें सीमित परिवार की अहमियत बताई गई तथा नव दंपति को शगुन किट प्रदान की गई। साथ ही आयोजित विविध प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। डिलारी ब्लॉक के गांव काजीपुरा में आयोजित सम्मेलन में साल भर में चिह्नित नव दंपती को परिवार नियोजन की जानकारी दी गई। उन्हें शगुन किट भी दी गई। इस मौके पर 15 प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इसमें पांच बहुएं, पांच सास व पांच बेटे शामिल रहे। आशा कार्यकर्ता और एएनएम ने परिवार नियोजन के साधनों का उपयोग करने के लिए लोगों को जागरूक किया। ग्राम प्रधान फारूक अहमद ने भी सभी मौजूद लोगो को सीमित परिवार की अहमियत बताई साथ ही आयोजित विविध प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया इस दौरान आशा कार्यकर्ता अपने क्षेत्र से आठ से दस परिवारों से सास, बेटा और बहू को लेकर पहुंची। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान फारूक अहमद ,एएनएम रीना त्यागी , आशा शहनाज़ , आशा कार्यकर्ता नीलम , वविता ,मौजूद ग्राम वासी इशरार ,नवी हसन ,शेर सिंह, लियाकत,आदि उपस्थित रहीं।

# शूटर से कराई भाई ने भाई की हत्या



मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- मुरादाबाद पुलिस ने आज एक ऐसे मर्डर केस का खुलासा किया है जिसको जिसने भी सुना वह दंग रह गया, बीती 11 जून को मोनू नाम के युवक की हत्या हो गई थी जिसकी सख्ती से पूछताछ में जो पाया गया वह हैरान करने वाला था , पुलिस की पूछताछ में आए सगे भाई और बहनोई ने बताया की उन्होंने ही अपने सगे भाई को पारिवारिक कारोबार से जुड़ी संपत्ति के लिए मोनू की हत्या कराई है और इस काम के लिए उन्होंने 4.50 लाख रुपए में भाड़े के शूटर हायर करके उनसे मोनू की हत्या कराई थी, पुलिस ने इस मामले में सगे भाई सहित 3 आरोपियों को खुलासा करते हुए जेल भेज दिया है जबकि 2 शूटर और मुख्य आरोपी मृतक का बहनोई अभी फरार है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# मंत्री धर्मवीर प्रजापति बोले-हर थाने में बनेंगे होमगार्डों के लिए अलग कक्ष, समान होगा ट्रेनिंग व ड्यूटी भत्ता

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद-कारागार एवं होमगाड्‌र्स मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने कहा कि जल्द ही हर जनपद के सभी थानों में होमगार्डों के लिए अलग कक्ष बनेंगे। इसके अलावा होमगार्डों के लिए मेडिकल सुविधाएं भी बढ़ाई जा रही हैं। होमगार्डों के ट्रेनिंग व ड्यूटी भत्ते में अंदर है। जिसे समान किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार में कारागार एवं होमगाड्‌र्स विभाग के मंत्री धर्मवीर प्रजापति सोमवार सुबह मुरादाबाद पहुंचे। उन्होंने यहां पुलिस लाइन में होमगार्डों से सीधा संवाद किया। इस दौरान होमगार्डों ने अपनी समस्याएं बताईं। जिस पर उन्होंने समस्याओं का शीघ्र निस्तारण कराने का आश्वासन दिया। कारागार एवं होमगाड्‌र्स मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने कहा कि जल्द ही हर जनपद के सभी थानों में होमगार्डों के लिए अलग कक्ष बनेंगे। इसके अलावा होमगार्डों के लिए मेडिकल सुविधाएं भी बढ़ाई जा रही हैं। होमगार्डों के ट्रेनिंग व ड्यूटी भत्ते में अंदर है। जिसे समान किया जा रहा है। जल्द ही ट्रेनिंग भत्ता भी ड्यूटी भत्ते के बराबर ही मिलेगा। उन्होंने सभी होमगाड्‌र्स से कहा कि वह अच्छे से ड्यूटी कर विभाग का मान बढ़ाएं। इस दौरान होमगाड्‌र्स विभाग और कारागार विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे।

# फेरों के वक्त पता चला कि दूल्हा दूसरी जाति का है, बिना दुल्हन बैरंग लौटी बरात, बिचौलिये को पीटने का आरोप

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद-मुरादाबाद में दुल्हन पक्ष ने शादी को इस वजह से रोक दिया क्योंकि दूल्हा दूसरी जाति का था। जहां दुल्हन पक्ष ने जाति छिपाकर धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया। वहीं, दूल्हे पक्ष ने बिचौलिये के साथ मारपीट और बंधक बनाने का आरोप लगाया। मुरादाबाद के एक मोहल्ले में सात फेरों की रस्म के दौरान दूल्हा दूसरी जाति का होने पर दुल्हन पक्ष ने शादी करने से इनकार कर दिया। दूल्हे पक्ष ने जहां बिचौलिये को पीटने और बंधक बनाने का आरोप लगाया वहीं दुल्हन पक्ष ने जाति छिपाकर धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया। दोनों पक्षों ने कोतवाली पहुंचकर एक दूसरे पर आरोप लगाते हुए तहरीर दी। हालांकि दोनों पक्षों में समझौता होने पर दूल्हा बरातियों संग बागपत लौट गया। पुलिस के मुताबिक बागपत जनपद के थाना छपरौली के एक गांव निवासी युवक का रिश्ता लगभग छह माह पहले बिलारी नगर के एक मोहल्ला निवासी युवती से तय हुआ। युवती की सगी मौसेरी बहन और मौसेरे बहनोई इस रिश्ते में बिचौलिया बने। युवती की मौसेरी बहन ने दूसरी जाति के युवक से प्रेम विवाह किया है। यह बात परिजनों को पता नहीं थी। रिश्ते की जब बात चली तब युवती के घर वालों ने समझा कि उसका मौसेरा बहनोई जिस जाति का है उसी जाति का वह युवक भी होगा जिससे रिश्ता तय कर दिया गया है।रविवार की देर रात 50 बराती दूल्हे समेत बरात लेकर नगर में एक बैंक्वेट हॉल में आ गए। बरातियों द्वारा खाना खाने और जयमाला की रस्म के दौरान सब कुछ सामान्य रहा। रविवार तड़के करीब चार बजे जब सात फेरों की रस्म शुरू हुई तब कुछ परंपरागत रस्मों के दौरान पता चला कि दूल्हा दूसरी जाति का है। बरातियों से दूल्हे की जाति की पुष्टि करते हुए सात फेरों की रस्म को रुकवाकर दुल्हन पक्ष ने शादी करने से इनकार कर दिया। हंगामा होता देख किसी एक बराती ने 112 डायल कर पुलिस को मौके पर बुला लिया। पुलिस दूल्हा और दुल्हन दोनों पक्षों के लोगों को कोतवाली ले आई। कोतवाली में दुल्हन के भाई ने पुलिस को तहरीर देकर कहा कि दूल्हे की जाति छिपाकर उनके साथ धोखाधड़ी की गई है। दूल्हे पक्ष ने तहरीर देकर मारपीट करने का आरोप लगाया। उनके द्वारा लाया गया सामान जब्त कर लिया गया है। बाद में दोनों पक्षों के रिश्तेदार भी कोतवाली में पहुंच गए और दुल्हन पक्ष के खर्च की भरपाई करने की बात कहते हुए समझौता हो गया। दूल्हे समेत बराती अपने घर लौट गए। कोतवाली की कस्बा चौकी के प्रभारी दरोगा ने भी दोनों पक्षों में समझौता हो जाने की पुष्टि की है।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए०एच०प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Disease vs yoga

Today, when the whole world is engaged in the preparation of yoga or yoga, then the ancient Indian science itself is proving its significance. Theoretically, science has accepted that there are at least 10 benefits from yoga and it also increases life. But the number of yoga practitioners in India itself is not up to the expectations. In a survey conducted two years ago under the government's Controlled Diabetes Programme, 1,62,330 people took part, of which 12 percent did not do yoga. On the other hand, according to official figures, every tenth American has started doing yoga. Between 2012 and 2017, the percentage of adults practicing yoga in the US increased from 9.5 percent to 14.3 percent, and among children from 3.1 percent to 8.4 percent. The popularity of yoga has increased, that's why this time there is a competition among Americans to do yoga even before Yoga Day. Dr Sethuraman Panchanathan, Director of the US National Science Foundation said that Yoga is India's greatest gift to the world. It is worth noting that in India, when yoga campaigns were gaining momentum at the local level, when people started to understand its value, according to the 2012 National Health Interview Survey in the US, about 94 percent people did yoga for health reasons. had adopted. Still most people prefer yoga only after diabetes or blood pressure. Well, America is the best country in the world in terms of yoga. The number of yoga practitioners there has doubled in the last decade. How many people do yoga in India of more than 1.25 billion people, it is not yet counted, but in America, 36 million people have started doing yoga regularly. Yoga experts in America estimate that this year around 300 million people around the world will start doing yoga in some way or the other. The figures for India are not clear, but 72 percent of those who do yoga in the US are women or girls."Are men not conscious about yoga or health? Just yesterday, Men's Health week has come to an end and men in particular seem to be under stress. Doctors say that men avoid sharing their mental troubles. Our society is such, where men are not expected to cry or complain. The World Health Organization's latest report on global mental health states that one in eight people live with a mental disorder. It is the largest review of global mental health in two decades. According to the report, the increase in both anxiety and depression was more than 25 percent during the first year of the pandemic. Yoga practice can prove to be very effective in mental treatment. Well it is true that we do not take mental health seriously. Two-thirds of low-income countries do not cover mental health care in national health insurance plans. Most of the allopathic practitioners have not fully accepted the mental state and yoga of the patients. Is it because the yoga industry is unorganized? Of course, if one is to be healthy, the official study and practice of yoga has to increase.


## Priyanka Chopra shares photo of daughter and Nick Jonas on Father's Day, cute message in shoes

Priyanka Chopra has posted a very beautiful picture of her husband Nick Jonas on the first Father's Day. Nick's feet and his daughter Malti Marie are visible in this post. Nick and Malti are wearing customized shoes. The special thing is that Malti's shoes have initials of her name and in the shoes Nick is wearing, it is written, MM's dad. The faces of both Malti and her dad are not visible in the picture but are quite cute. People are showering love on this picture of father and daughter. The people of the industry showered love - Priyanka Chopra wrote in the caption with a cute picture of her daughter, Happy first father's day my love. I love seeing you with our little girl...What a wonderful day to be back home...I love you...May you have many more days like this. On this post of Priyanka, many people including Mahima Chaudhary, Huma Qureshi, Shibani Dandekar, Patralekha have given love and made heart emoji. Nick said on his attachment to his daughter - Priyanka Chopra has named her daughter after her mother and Nick's mother. Priyanka's mother's name is Madhu Malti and Nick Jonas' mother's name is Denise Marie Miller. Priyanka and Nick's daughter was born through surrogacy. She was born premature and had to stay in the NICU for 100 days. Nick Jonas had told in an interview that he shared this thing with people so that he felt that he was not alone in troubles. As for the daughter, Nick had said that he has fallen in love with his daughter in a strange way, which he cannot tell.




## Deepika Padukone went to the hospital during the shooting of 'Project K', not because of ill health

A few days back there was news about Deepika Padukone that her health had deteriorated while shooting with Amitabh Bachchan on the sets of her upcoming film 'Project K' in Hyderabad. After this, Deepika was taken to the hospital. Fans were very upset after hearing this news. Meanwhile, now the producer of Deepika's film project Ashwini Dutt has given her statement regarding Deepika's health. He told that Deepika did not go to the hospital due to deteriorating health. Ashwini Dutt has given the real reason behind Deepika's visit to the hospital. Why did she go to the hospital- Ashwini said that Deepika is shooting for the film in Hyderabad and her health is absolutely fine. He further told that Deepika's health did not deteriorate but she went to the hospital for regular health checkup as the actress has recently recovered from Kovid. He also clarified that Deepika was not taken to Kamineni Hospital in any hurry. Checkup done after Kovid- He said, 'Earlier Deepika was ill due to Kovid, but after recovering she went to Europe. After that she came straight to our set from Europe. Due to slight fluctuation in BP, Deepika again went to the hospital for her checkup, just to check everything is fine. Praised Deepika- Ashwini further said, 'Deepika is absolutely professional. The filmmakers and the unit wanted him to take complete rest and one day take complete rest. But after getting the checkup done, she went back to shoot with Amitabh Bachchan. She is very hardworking.' The producer further added that Deepika is thoroughly enjoying the shooting of the film project. The shooting of the film takes place continuously from 7 am to 11 pm in Hyderabad. Because of Deepika, there is a lot of positive atmosphere on the set. Let us tell you that Nag Ashwin is directing the project. This is an action film. The film also stars Telugu superstar Prabhas along with Deepika, Amitabh. This is Deepika and Prabhas's first film together. The film is expected to release in 2023 next year."More about this source textSource text required for additional translation information"Send feedback"Side panels



## भाजपा नेता पहुंचे जलेसर देहात गौशाला भूखी प्यासी दम तोड रही गायों को लेकर गौशाला का ताला तोड़कर बाहर निकालने की दी चेतावनी

### प्रशासनिक अधिकारियों पर सीयूजी नंबर ना उठाने के लगाये आरोप

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- जलेसर- जलेसर देहात गौशाल में भूख प्यास से तडप रही गायों की देखभाल के लिए पहुंचे भाजपा जिला मंत्री रामजीलाल राजपूत ने गौशाला में व्यवस्था गडबड झाला का लगाया आरोप रामजीलाल राजपूत ने बताया कि गौशाल के लिए गायों के लिए योगी सरकार की बहुत बेहतरीन व्यवस्था है। लेकिन प्रशासनिक अधिकारी इस ओर कोई ध्यान नही दे रहे गौशाला में तीन कर्मचारी मौजूद है जबकि 330 गाय गौशाल रहती उनकी देखभाल भी नही हो पा रही और गायों को धूप में रहने पडता है। आरोप है कि भूसे की जगह गायों को मिट्टी और गोबर की सडी हुई तूरी ही खिलाई जा रही है भाजपा नेता रामजीलाल राजपूत ने बयान देते हुए बताया एसडीएम और डीएम साहब ने फोन तक नही उठाया गौशाला में परेशान और बीमार गाय पढी है जबकि पशुपालन विभाग के डाक्टर ने फोन फिर भी भरोसा दिया कि जल्द ही गाय का इलाज कराया जाएगा इसी क्रम में आशीष प्रताप सिंह आशू भाजपा नेता ने भी जलेसर प्रशासन पर बडे सवाल खडे कियें है उन्होने कहाँ गाय गौशाला में भूखी प्यासी दम तोड




रही है हरे चारे की कोई व्यवस्था नही है सरकारी मशीनरी कोई बीडा उठाने को तैयार नही है उन्होने एसडीएम जलेसर से मांग की है जल्द ही गौशाला का निरीक्षण कर व्यवस्था का सुधार कराये अन्यथा गौशाल बंद भूखी गायों को मुख्य गेट का ताला तोड़कर बाहर निकाल दिया जाएगा। गौशाल में मौजूद कर्मचारी दिनेश कुमार से जब बात की तो कर्मचारी ने बताया कि गौशाला में गायों को भरपेट चारा नही मिलेगा तो गाय बीमार पड जाती है। जबकि डाक्टर ने एक बीमार गाय का इलाज भी किया लेकिन कर्मचारी का कहना यें है कि गाय भूखी रहेगी सूखा भूसा खायेंगी तो बीमार ही पड़ेगी उन्होने ऊपर वाले कर्मचारियों पर यह कहकर टाल दिया कि हमें गौशाला में जैसा आयेगा वैसा ही खिलायेगें कोई घर से थोड़ी लायेगा यह भी बात सही है लेकिन इस संबंध भरत कुमार शर्मा ने आरोप लगाया कि गौशाला के लिए लाखों रूपयें महीने के हिसाब से रूपये आते है ग्राम विकास अधिकारी सबकों हड़प ले जाता है मुद्दा डीएम साहब के सामने उठाया जाएगा।

**अन्य खबरों के लिए देखे WWW.KNLSIVE.COM**

## पूर्वछात्र नेता विजय सोलंकी जी के आकस्मिक निधन पर शोक सभा का आयोजन



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- कासगंज जिले के प्रख्यात कालेज कु0 रघुवीर सिंह इंटर कालेज पिथनपुर सिढ़पुरा के प्रधानाचार्य 60 वर्षीय कु0 विजय सोलंकी का गत 16/17जून की रात्रि हार्ट अटैक से आकस्मिक निधन उनके शिवपुरी आवास एटा पर हो गया। विजय सोलंकी जिले के रसूखदार क्षत्रिय परिवार से सम्बंध रखते थे तथा क्षत्रिय समाज के अग्रणी युवा नेता कु0 सुनील सोलंकी के बड़े भाई थे। गौरतलब है कु विजय सोलंकी खुशदिल मिजाज स्वभाव की शख्सियत थे। 90 के दशक की छात्र राजनीति में इन्होंने विश्व विद्यालय आगरा की छात्र राजनीति में असरदार नाम रहा। जे एलएन कालेज एटा से शुरू की छात्र राजनीति से आगरा तक इनका नाम रहा। विजय सोलंकी छात्र राजनीति से कांग्रेस राजनीति में आ गये ।उनकी प्रेरणा से अनेकों छात्रों ने छात्र राजनीति में कदम रखा था ।। उनके निधन पर एक शोक सभा का आयोजन शहीद पार्क एटा में किया गया,जिसमे सभी लोगो ने दो मिनट मौन रह कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिय प्रार्थना की । इस अवसर पर पूर्व छात्र नेता श्री मनोज पचौरी गहेथु वाले,आदर्श मिश्रा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन स्वराज, राजनेश दुबे,स्वागत पचौरी,राजीव शुक्ला, सुधीर चौहान,अनुरोध दीक्षित,संजय सोलकी, राजेश माथुर,प्रवेश राघव, सोनू चतुर्वेदी,गोपाल शर्मा,अनूप शर्मा,आकाश तिवारी,अति शर्मा, आदि उपस्थित रहे।।

## भाकियू ( भानू ) ने समस्यायों को लेकर डीएम को सोंपा ज्ञापन



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल एवं एसएसपी उदय शंकर सिंह द्वारा आज कलक्ट्रेट चैम्बर में भारतीय किसान यूनियन ( भानू ) के पदाधिकारियों की समस्याओं को बिन्दुवार सुनकर उनसे ज्ञापन लिया गया। यूनियन के पदाधिकारियों द्वारा प्रस्तुत की गई विभिन्न समस्याओं का अतिशीघ्र प्राथमिकता पर निस्तारण कराया जाएगा। इस दौरान एडीएम प्रशासन आलोक कुमार, एएसपी धनंजय सिंह कुशवाह, एएसडीएम रामनयन आदि अन्य अधिकारीगण, भारतीय किसान यूनियन ( भानू ) के पदाधिकारीगण आदि मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल के निर्देशन में अवैध शराब के खिलाफ लगातार कार्यवाही जारी



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-अवैध शराब की सूचना पर एसडीएम, सीओ और आबकारी निरीक्षक ने मारा छापा,छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में अवैध शराब और उपकरण बरामद जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल के निर्देशन में उप जिलाधिकारी अलीगंज मानवेंद्र सिंह, क्षेत्राधिकारी राजकुमार सिंह ने आबकारी निरीक्षक एवं पुलिस बल के साथ थाना अलीगंज क्षेत्र के गांव टपुआ में अवैध शराब बनाए जाने की सूचना पर आज प्रात 5 बजे दबिश दी। दविश के दौरान मौके से भारी मात्रा में अवैध शराब एवं अवैध शराब बनाने हेतु उपयोग में लाए जाने वाले उपकरण बरामद किए गए। एसडीएम, सीओ द्वारा की गई कार्रवाही के दौरान 25 लीटर अवैध देसी शराब तथा 200 लीटर देसी शराब बनाने वाला लहन एवं एक देसी शराब बनाने की भट्टी ब शराब बनाने के उपकरण बरामद किये गए।

तो वही लहन को मौके पर ही नष्ट कराया गया तथा उक्त शराब बनाने वाले उपेंद्र यादव पुत्र महिपाल निवासी टपुआ थाना अलीगंज, पुलिस की सूचना मिलते ही मौके से भाग गया। जिसके संबंध में थाना अलीगंज पर अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## मुख्यमंत्री योगी की फोटो अपने सीने पर गुदाने वाले यामीन सिद्दीकी हुऐ भाजपा में शामिल



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- अपने सीने पर मुख्यमंत्री योगी का फोटो गुदाने वाले कस्बा अलीगंज के निवासी यामीन सिद्दीकी जी टी रोड स्थिति भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष संदीप जैन के समक्ष पहुंचकर भाजपा में शामिल हुए ! जब भाजपाईयों ने यामीन से पूछा कि ऐसी क्या खास बात रही जो आप सपा छोड़कर भाजपा में शामिल हुए हो ! इस पर यामीन सिद्दिकी ने सरकार की नीतियां व अनगिनत योजनाऐं गिनाई ! यामीन सिद्दीकी योगी आदित्यनाथ जी से बहुत खुश नजर आए ,इसलिऐ उन्होंने इस कदम को उठाया ! मुख्यमंत्री की सीने पर फोटो गुदाने के बाद फेसबुक व्हाट्सएप न्यूज़ में लगातार चर्चित रहे यामीन ने कहा कि आज मैं भाजपा में शामिल हो रहा हूं ! किसी समय सपा में कार्य करता था परन्तु आज से भारतीय जनता पार्टी का एक वफादार सिपाही बनकर कार्य करूंगा ! यामीन ने बताया कि और हमें भाजपा में शामिल कराने वाले हमारे कस्बा सराय अगहत के मंडल अध्यक्ष शिवम कश्यप एवं अल्पसंख्यक मोर्चा मंडल अध्यक्ष आकिब सिद्दीकी तथा भाजपा जिला महामंत्री सुशील गुप्ता भैया जी , एटा मैनपुरी मथुरा कासगंज से एमएलसी आशीष यादव , अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला महामंत्री इमरान व अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष रिजवान अहमद अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे !

आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# अधिक से अधिक लोग करें योग-लक्ष्मी राजवाड़े

रामचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर-दतिमा मोड़- प्रदेशवासियों को विदित है कि प्रतिवर्ष आज 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है जिसमें आप सभी से मेरा विनम्र आग्रह विनम्र अपील है कि अधिक से अधिक संख्या में योग दिवस में सम्मिलित हों। आप सबको विदित हो की भारत योग का विश्व गुरु है जब देश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी और उनके मुखिया श्री नरेंद्र मोदी जी बने और उन्होंने 27 सितंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा के 69 वें सत्र को संबोधित करते हुए विश्व समुदाय से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने का आह्वान किया श्री मोदी जी ने कहा योग प्राचीन भारतीय परंपरा एवं संस्कृति की अमूल्य देन है योगाभ्यास शरीर एवं मन विचार एवं कर्म आत्म संयम एवं पूर्णता की एकात्मकता तथा



मानव एवं प्रकृति के बीच सामंजस्य स्थापित करता है यह स्वास्थ्य एवं कल्याण का पूर्णता वादी दृष्टिकोण है योग मात्र व्यायाम नहीं है बल्कि स्वयं के साथ विश्व और प्रकृति के साथ एकत्व खोजने का भाव है योग हमारी जीवन शैली में परिवर्तन लाकर हमारे अंदर जागरूकता उत्पन्न करता है तथा प्राकृतिक परिवर्तनों से शरीर में होने वाले बदलाव को सहन करने में सहायक होता है आइए हम सब मिलकर योग को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में स्वीकार करने की दिशा में कार्य करें। 11 दिसंबर सन 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा के 193 सदस्यों ने रिकॉर्ड 177 समर्थक देशों के साथ 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने का संकल्प सर्वसम्मति से अनुमोदित किया अपने संकल्प में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने स्वीकार किया कि योग स्वास्थ्य एवं कल्याण के लिए पूर्णता वादी दृष्टिकोण प्रदान करता है योग विश्व की जनसंख्या के स्वास्थ्य के लिए तथा उनके लाभ के लिए विस्तृत रूप में कार्य करेगा योग जीवन के सभी पहलुओं में सामंजस्य बैठता है और इसलिए बीमारी रोकथाम स्वास्थ्य संवर्धन और जीवनशैली संबंधी कई विकारों के प्रबंधन के लिए जाना जाता है इस प्रकार प्रथम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2015 को प्रारंभ किया गया, आप सभी से पुन: आग्रह है निरंतर करें योग निरंतर रहे निरोग।

# पासल के ग्रामीण मूलभूत सुविधा से वंचित, आज भी नदी नाला के पानी पीने पर मजबूर



रामचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- जिले के दूरस्थ क्षेत्र चांदनी बिहार पुर के ग्राम पंचायत पासल जेल्हापारा में पानी का सुविधा ना होने से पानी के लिए दर दर भटकना पड़ रहा है। जिले के कई ऐसे क्षेत्र हैं जहां पर पानी की सुविधा बिल्कुल नहीं है और ग्रामीण गर्मी के दिनों में तड़पते रहते हैं। ग्राम पंचायत पासल के सरपंच सचिव एवं आला अधिकारियों सहित घोर लापरवाही के कारण आज भी आदिवासी पिछले समूह के लोग पानी भी भर रहे हैं।

पानी की घोर समस्या पासल पंचायत में होने से पहाड़ी इलाके के आसपास रहने वाले कुछ लोगों ने झरना एवं ढोड़ी के पानी पीने पर मजबूर हो गए हैं। जिससे ग्रामीणों को गंदा पानी पीने से कई प्रकार की बीमारियां उत्पन्न होगी। उनके घरों में छोटे-छोटे बच्चों एवं सभी परिवारों को मलेरिया, खसरा, जैसे कठोर बीमारियां होने की पूर्ण संभावना है।

पासल पंचायत में अधिकतर लोग आदिवासी वर्ग से आते हैं जो कम शिक्षित होने के नाते वह लोग शासन की सुविधा से आज भी वंचित है। जिस पर सरपंच सचिव सहित जिले के आला अधिकारियों का कोई नजर ही नहीं जाता शासन प्रशासन एवं पंचायत के सचिव सरपंच को तत्काल प्रभाव से इन समस्या का निराकरण करना चाहिए।

# स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय प्रेमनगर में हर्षोल्लास के साथ मना प्रवेश उत्सव

रामचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- प्रेमनगर शासन के मंशानुसार स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय प्रेमनगर में शिक्षण सत्र 22- 23 के लिए विद्यालय खुल गया है। छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार सेजस प्रेमनगर में शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तुलसी यादव उपाध्यक्ष जनपद पंचायत प्रेमनगर व कार्यक्रम की अध्यक्षता सुखमनिया जगत अध्यक्ष नगर पंचायत प्रेमनगर की उपस्थिति में सम्पन्न हुवा।बता दें कि कोरोना काल के बाद इस वर्ष सत्र 22- 23 के किये विद्यालय खुलकर तैयार है। छात्रों की पढ़ाई बाधित न हो इसके लिए स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय प्रेमनगर में छात्रों की उपस्थिति के साथ शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम मनाया गया। इस कार्यक्रम में सबसे पहले कक्षा पहली के छात्रों का विद्यालय के द्वार पर मुख्य अतिथि और विशिष्ठ अतिथियों द्वारा टीका लगा कर विद्यालय में उत्साहपूर्वक प्रवेश दिया गया। इस सत्र विद्यालय खुलने से पहले छात्रों में उत्साह देखते ही बन रही है। सभी जगह छात्र शुरुवात दिन से ही विद्यालय में आना शुरू कर दिए हैं छात्रों की मंशा है कि विद्यालय खुलने के बाद उनकी पढ़ाई शुरू हो सके ताकि वे बेहतर शिक्षा प्राप्त कर सके।

### नौनिहाल देश के भावी पीढ़ी है, इनके शिक्षा की बेहतर



### व्यवस्था हो:- सुखमनिया जगत

स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट इंग्लिश मीडियम विद्यालय के शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में बतौर अध्यक्षता के रूप में उपस्थित नगर पंचायत प्रेमनगर के अध्यक्ष सुखमनिया जगत ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा विद्यालय में अध्यापन के लिए जो प्रवेश कर रहे हैं वह आगामी समय में देश के भावी पीढ़ी हैं इन लोगों से हमारा आने वाला कल जुड़ा हुआ है। इसके बेहतर शिक्षा की जिम्मेदारी हम पालक व शिक्षकों पर है। आगे सुखमनिया जगत ने कहा हम शाला प्रवेश उत्सव मनाकर छात्रों का स्वागत कर रहे हैं और नौनिहाल छात्रों से अपेक्षा है कि इस वर्ष अच्छा मेनहत कर अपने कक्षा में बेहतर परिणाम दे।

### इस वर्ष बीते साल से बेहतर परिणाम देने हमारा लक्ष्य:- रामबरन सिंह

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के प्राचार्य रामबरन सिंह ने कहा बीते साल कोरोना के वजह से पढ़ाई कम हुई थी फिर भी हमने बेहतर परिणाम दिया। इस वर्ष शुरुवात से ही हमारा स्टॉफ अध्यापन कार्य कराने तैयार हैं। हम इस वर्ष समय से पहले सारी तैयारियां कर ली है इसका उद्देश्य है कि छात्रों को बेहतर शिक्षा देना व उनको पाठ्यक्रम में सक्षम बनाना जिससे पिछले साल से बेहतर परिणाम मिले। आगे श्री सिंह ने कहा हमारे विद्यालय के छात्र बीते वर्ष पढ़ाई के साथ साथ खेल, सांस्कृतिक कार्यक्रम व मॉडल एक्जीबिशन में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किए हैं जो इस विद्यालय की उपलब्धि है। छात्रों की पढ़ाई में बाधा न हो इसके लिए पुस्तक वितरित किये। कार्यक्रम की शुरुवात सरस्वती माता की पूजा अर्चना के साथ राजकीय गीत से किया गया। शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में विद्यालय के छात्रों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। पूर्व प्राचार्य बालक प्रेमनगर के एस. एस. दीक्षित जी ने बच्चो का मनोबल बढ़ाने हेतु मार्गदर्शन किया कि कैसे दूर दूर से बच्चे विद्या प्राप्त करने हेतु आते हैं और अंग्रेजी माध्यम विद्यालय की विशेषता बताया। पूर्व प्रधान पाठक आई. अंसारी जी ने बच्चो के लिए कहा कि इस नए वर्ष में बच्चे पूरे लगन और परिश्रम से आगे बढ़े और सफल हो साथ ही उन्होंने अपना अनुभव भी साझा किए। विद्यालय में उपस्थित सभी अतिथियों द्वारा कक्षा पहली के बच्चो का पुस्तक वितरण कराया गया। मुख्य अतिथि तुलसी यादव जी ने कहा कि सरकार की पहली प्राथमिकता है स्वामी आत्मानंद विद्यालय और छात्र। उन्होंने कहा कि सरकार छात्रों का भविष्य उज्वल बनाना चाहती है। जिसके लिए विद्यालय में अच्छी गुणवत्ता युक्त शिक्षक भी उपस्थित हैं जो बच्चो को अपना समझ कर उनके भविष्य को उज्जवल बनाने में योगदान देंगे।

आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के संपर्क करे-

knlslive@gmail.com

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे-

| एन.राज शर्मा | निशाकांत शर्मा | सुमित गुप्ता |
| --- | --- | --- |
| प्रधान संपादक | सहसंपादक | क्यूँ न लिखूँ सच |
| 9027776991 | 7906743371 | 9458664527 |

www.knlslive.com